# भारतीय सेना की परिचालन क्षमता को बढ़ाना

## प्रिलिम्स के लिये:

आपातकालीन खरीद, UAV, टेथर्ड ड्रोन, SWARM ड्रोन, मेक प्रोजेक्ट, iDEX (रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार)

## मेन्स के लिये:

भारतीय सशस्त्र बलों की क्षमताओं को बढ़ाने का महत्त्व

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

अपनी समग्र परिचालन क्षमता को बढ़ाने के लिये भारतीय सेना ने **आपातकालीन खरीद (Emergency Procurement- EP)** के तहत **130 टेथर्ड ड्रोन और 19 टैंक-ड्राइविंग सिमुलेटर** की खरीद के लिये अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं।

- लंबे समय तक संचालित होने वाले टेथर्ड ड्रोन सिस्टम का उपयोग ऊँचाई वाले क्षेत्रों में किया जा सकता है।

## नोट:

- **वर्ष 2016 के उरी हमले** के बाद पहली बार **सशस्त्र बलों** को आपातकालीन वित्तीय शक्तियाँ प्रदान की गई थीं, जिसका उद्देश्य खरीद की धीमी नौकरशाही प्रणाली को रोकने में सहायता करना था। इन वित्तीय शक्तियों के तहत प्रत्येक **सेवा स्वयं 300 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकती है।**

## टेथर्ड ड्रोन और सिमुलेटर:

- **टेथर्ड ड्रोन:** टेथर्ड ड्रोन मानव रहित हवाई वाहनों (UAV) की एक श्रेणी है जो एक टेथर्ड के माध्यम से ज़मीन-आधारित स्टेशन से जुड़े होते हैं।
  - टेथर्ड ड्रोन सिस्टम, जिनके पंख दिन और रात दोनों समय फैले हुए होते हैं, का **उद्देश्य सतर्क रक्षक** रहना है, जो सीमा सुरक्षा बढ़ाने के लिये लगातार **महत्त्वपूर्ण डेटा और वीडियो फीड भेजते हैं।**
  - विमानन के अलावा टेथर्ड ड्रोन से निगरानी में एक आदर्श बदलाव आया है, जो कैमरे और रेडियो जैसे महत्त्वपूर्ण उपकरणों के भार के साथ ज़मीन पर टिके रहते हैं।
  - अपनी उन्नत सेंसर तकनीक और विशाल क्षेत्रों का निर्बाध दृश्य प्रदान करने की क्षमता के साथ टेथर्ड ड्रोन युद्ध के मैदान पर **स्थितिजन्य जागरूकता और सामरिक निर्णय लेने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।**
- **सिमुलेटर:** यह माना जाता है कि सिमुलेटर **वास्तव में टैंक और पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों (Infantry Combat Vehicles- ICV)** के ड्राइवरों के प्रशिक्षण में मदद करेंगे तथा प्रशिक्षण के दौरान टैंक एवं ICV पर टूट-फूट को कम करने में योगदान देंगे।

## भारतीय सेना ने अपनी तैयारी में कैसे सुधार किया है?

- भारतीय सेना **वर्ष 2023 को 'परिवर्तन के वर्ष'** के रूप में मना रही है तथा **"अपनी क्षमताओं में बहुत बड़ा परिवर्तन"** लाने हेतु कार्यात्मक प्रक्रियाओं को नया रूप देने एवं पुनः तैयार करने के लिये कई परियोजनाओं पर काम कर रही है।
- वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन गतिरोध के बाद से सेना ने निगरानी और भार वहन हेतु छोटे ड्रोन के लिये भारत की नई स्टार्ट-अप

कंपनियों के साथ अनुबंधों की एक शृंखला संपन्न की है।

- लॉजिस्टिक तथा नैनो ड्रोन, काउंटर-ड्रोन, लोइटर म्यूनिशन (loiter munitions), **SWARM ड्रोन**, UAV-लॉन्च प्रसिजिन-गाइडेड मिसाइल एवं स्वचालित स्पेक्ट्रम मॉनीटरिंग सिस्टम जैसी **उच्च तकनीकें** खरीदी जा रही हैं।
- **'आत्मनिर्भरता'** के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप सेना विभिन्न माध्यमों जैसे- **'मेक' परियोजनाओं**, **iDEX** (Innovation for Defence Excellence) तथा अग्रणी प्रौद्योगिकी संस्थानों में **'सेना कक्ष'** (Army Cells) की स्थापना जैसे आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से स्वदेशीकरण के साथ आधुनिकीकरण की स्थिति हासिल कर रही है जिससे **सेना की आवश्यकताओं के अनुरूप अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा** मिलेगा।

## रक्षा उपकरणों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु कुछ पहलें:

- रक्षा औद्योगिक गलियारा
- आयुध निर्माणी बोर्ड का निगमीकरण
- डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज
- रक्षा उत्पादन एवं निर्यात संवर्द्धन नीति (2020) का मसौदा
- रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार (iDEX)
- मिशन रक्षा ज्ञान शक्ति
- भारतीय नौसेना स्वदेशीकरण योजना (INIP) 2015-2030
- **नौसेना नवाचार और स्वदेशीकरण संगठन (NIIO)**

## भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाना क्यों महत्त्वपूर्ण है?

- **राष्ट्रीय सुरक्षा:** भारत के जटिल भू-रणनीतिक वातावरण और संघर्षों के इतिहास को देखते हुए अपनी सीमाओं तथा नागरिकों की सुरक्षा के लिये रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना आवश्यक है।
- **निवारण:** भारत की मज़बूत रक्षा ताकतें क्षेत्रीय स्थिरता में योगदान कर विरोधियों को संघर्ष या शत्रुतापूर्ण कार्रवाई शुरू करने से हतोत्साहित कर सकती हैं।
- **संघर्ष समाधान:** संघर्ष की गंभीर स्थिति में बेहतर रक्षा क्षमताओं के परिणामस्वरूप त्वरित और अधिक अनुकूल समाधान प्राप्त हो सकते हैं।
- **आतंकवाद का मुकाबला:** भारत ने आतंकवाद और कई विद्रोही गतिविधियों का सामना किया है, रक्षा क्षमताओं में वृद्धि ने अधिक प्रभावी आतंकवाद विरोधी अभियानों को संभव बनाया है।
- **सामरिक स्वायत्तता:** रक्षा क्षमताओं को मज़बूत करने से रक्षा उपकरणों, प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता के लिये बाहरी स्रोतों पर निर्भरता कम हो जाती है, जिससे भारत की रणनीतिक स्वायत्तता बढ़ती है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

### ??????????:

**प्रश्न. कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित टर्मिनल हाई ऑल्टिट्यूड एरिया डिफेंस (THAAD) क्या है? (2018)**

(a) इज़रायल की एक रडार प्रणाली
(b) भारत का घरेलू मिसाइल प्रतिरोधी कार्यक्रम
(c) अमेरिकी मिसाइल प्रतिरोधी प्रणाली
(d) जापान और दक्षिण कोरिया के बीच एक रक्षा सहयोग

**उत्तर: C**

---

**प्रश्न. भारत ने निम्नलिखित में से किससे बराक एंटी-मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदी? (2008)**

(a) इज़रायल
(b) फ्राँस
(c) रूस
(d) संयुक्त राज्य अमेरिका

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. भारतीय रक्षा के संदर्भ में 'ध्रुव' क्या है? (2008)**

(a) विमान ले जाने वाला युद्धपोत
(b) मिसाइल ले जाने वाली पनडुब्बी

(c) उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर
(d) अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल

**उत्तर: (c)**

---

## मेन्स:

**प्रश्न. S-400 वायु रक्षा प्रणाली तकनीकी रूप से दुनिया में वर्तमान में उपलब्ध किसी भी अन्य प्रणाली से कैसे बेहतर है? (2021)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-army-enhancing-operational-preparedness